14 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 4/14/2025 9:28 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 15 अप्रैल 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 पीएम आवास सर्वे में कोई भी पात्र परिवार छूटे नहीं









### कॉलेज प्रबंधन ने लोनिवि को ट्रांसफर की राशि लेकिन काम नहीं हुआ शुरू

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए जरुरत थी 109 करोड़ की, शासन से मिले 98 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के अस्पताल निर्माण हेतु 98 करोड़ रूपए की राशि जारी हो गई है। शासन से मिली राशि को मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग को ट्रांसफर भी कर दिया गया है लेकिन राशि मिलने के बाद भी लोनिवि द्वारा निर्माण हेतु टेंडर की प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं की गई है। 2 साल से बंद पड़े हुए निर्माण कार्यों को शुरू करने में हो रही लेट लतीफी को लेकर जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार अधिकारी राशि मिलने के बाद भी दुविधा की स्थिति में है। ऐसा इसलिए क्यों कि लोनिवि ने शेष बचे निर्माण कार्यों के लिए 109 करोड़ रूपए की मांग की थी और शासन से भी पहले 109 करोड़ रूपए जारी करने की मंजूरी दी गई लेकिन जब राशि आई तो वह 11 करोड़ रूपए कम थी। राशि कम होने के कारण आने वाले समय में एक बार फिर से काम प्रभावित हो सकता है और यही वजह है कि अधिकारी काम शुरू करने से कतरा रहे है।

**खास बात**

- 11 करोड़ कम होने से दुविधा में फंसे अधिकारी, कतरा रहे काम शुरू करने से

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में 374 करोड़ की लागत से मेडिकल कॉलेज, अस्पताल, क्वाटर, सहित अन्य निर्माण अलग अलग हिस्सों कराए जा रहे थे। मेडिकल कॉलेज के लिए टेंडर के बाद निर्माण कार्य शुरू किया गया तो अक्टूबर 2019 में अस्पताल की जमीन पर विवाद के कारण कोर्ट का स्टे लग गया। लम्बे समय तक चली सुनवाई के बाद अंततः कोर्ट से जून 2021 में स्टे हटा। इस बीच कोरोना काल भी हावी रहा जिससे मेडिकल कॉलेज के अन्य निर्माण भी प्रभावित हुए और यही वजह है कि निर्माण की राशि में बड़ा अंतर गया। राशि कम पड़ता देख शासन के निर्देश पर मेडिकल कॉलेज के अस्पताल भवन को छोड़कर सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण कर लिया गया। 7 जुलाई 2023 को मेडिकल कॉलेज भवन, छात्रावास के 7 ब्लॉक, आवासीय परिसर सहित केंद्रीकृत रसोई आदि के भवनो का लोकार्पण हुआ था जिसके बाद आज कॉलेज में पढ़ाई हो पा रही है लेकिन निर्माण में हुई देरी के कारण निर्माण सामग्री की कीमतों में वृद्धि होने के साथ ही 374 करोड़ का प्रोजेक्ट बढ़कर 483 करोड़ रुपए तक पहुंच गया था। अंततः राशि की कमी के कारण अप्रैल 2023 में ही कॉलेज भवन के निर्माण को बंद कर दिया गया था। दो साल पहले राशि खत्म होने के बाद लम्बे समय तक शासन से राशि की मांग हेतु पत्रकार किया गया लेकिन जब राशि नहीं आई तो निर्माण एजेंसी ने टेंडर क्लोज कर दिया।



## नवम्बर 2024 में स्वीकृत हुई थी राशि

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निर्माण हेतु शासन से लगातार पत्राचार किया जा रहा था। इसी बीच प्रदेश में सरकार बदल गई। प्रदेश की नई सरकार द्वारा पुनः नए सिरे से प्रोजेक्ट की राशि मंगवाई गई लम्बे इंतजार के बाद नवम्बर 2024 में प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार द्वारा 109 करोड़ रूपए की राशि को स्वीकृत कर दिया गया था जिसके बाद यह अंदाजा लगाया जा रहा था अब निर्माण कार्य शुरू होगा। शासन की ओर से यह जानकारी दी गई कि कुल 109 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत हुई है लेकिन जब शासन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल को राशि जारी हुई तो वह सिर्फ 98 करोड़ ही थी। शासन से 11 करोड़ रूपए घटाकर जारी किया गया।

## कॉलेज प्रबंधन ने जारी की राशि

मेडिकल कॉलेज के अस्पताल भवन के निर्माण हेतु 98 करोड़ रुपए जारी होने के बाद कॉलेज प्रबंधन द्वारा 22 मार्च को पूरी राशि को उठाकर निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग को जारी कर दिया गया था लेकिन इसके बाद भी लोनिवि द्वारा काम शुरू करने की दिशा में अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। इसके पीछे जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार शेष कार्यों के लिए पूर्व में सभी जांच पड़ताल के बाद ही 109 करोड़ का प्रस्ताव दिया गया था। शासन से महज 98 करोड़ ही मिले है और यह राशि आने वाले समय में फिर से कम पड़ जाएगी। निर्माण कार्य के लिए राशि खत्म होने पर एक बार फिर से काम प्रभावित हो सकता है। इस लिए अधिकारी शासन को पत्राचार कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने की बात कह रहे है लेकिन बड़ी बात यह है कि निर्माण कार्य में लेट लतीफी से मेडिकल कॉलेज के छात्र छात्राओं के साथ ही संभाग के मरीजों को बेहतर सुविधाएं नहीं मिल पा रही है।

## 35 प्रतिशत से अधिक कार्य शेष

राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय भवन के निर्माण हेतु शासन से कुल 374 करोड़ की स्वीकृति मिली थी। स्वीकृति के बाद मार्च 2019 में टेंडर 366 करोड़ की लागत से निर्माण के लिए टेंडर किया गया था और इसमें 168 करोड़ से हॉस्पिटल भवन का काम होना था। इस राशि से सिर्फ अस्पताल के पांच मंजिला भवन को ही खडा किया जा सका है। अस्पताल भवन में अभी प्लास्टर, पेंट-पुट्टी, टाइल्स, सेनेटरी वेयर के काम शेष है इसके साथ ही विद्युतीकरण का 50 प्रतिशत काम शेष है। वहीं अस्पताल में दरवाजा, खिड़की, गैस, ऑक्सीजन पाइप पाइन, एसी, सहित अनेकों कार्य शेष पड़े हुए है। बताया जा रहा है कि अस्पताल में सिर्फ 65 प्रतिशत ही काम हुआ है और शेष कार्य के लिए ही 109 करोड़ की जरुरत थी।

### भेज दी गई है राशि

शासन को 109 करोड़ की प्रस्ताव भेजा गया था और उसमें से 98 करोड़ रूपए की राशि आई है। शासन से जारी राशि को निर्माण एजेंसी लोनिवि को ट्रांसफर कर दिया गया है। इसके आगे की प्रक्रिया लोनिवि को करनी है।

-अविनाश मेश्राम
अधिष्ठाता

### कर रहे हैं पत्राचार

शासन को 109 करोड़ का प्रस्ताव गया था। हमें 98 करोड़ की राशि मिली है। शेष 11 करोड़ रूपए के लिए शासन को पत्राचार किया जाएगा इसके साथ ही हम टेंडर की प्रक्रिया भी जल्द शुरू करेंगे। नए सिरे से टेंडर कर काम शुरू कराया जाएगा।

-वीरेंद्र चौधरी
ईई लोनिवि



# ट्रक को पिकअप ने मारी टक्कर आधे घंटे तक लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

सोमवार को एनएच 343 पर डूमरखी ढाबा के समीप पिकअप और ट्रक की टक्कर में भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया जबकि दुर्घटना में ट्रक चालक को गंभीर चोट आई है। इस घटना के बाद एनएच पर जाम लग गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची हाइवे पेट्रोलिंग की टीम द्वारा घायल को अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही कड़ी मशक्कत के बाद जाम क्लियर कराया। इस दौरान लगभग आधे घंटे तक लोग जाम में फंसे रहे।

- आवागमन प्रभावित होने से परेशान हुए लोग, डूमरखी ढाबा के समीप हुई घटना

बताया जा रहा है कि ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीसी 1530 का चालक झारखंड के गढवा भवनाथपुर निवासी 40 वर्षीय फिरोज अंसारी सामरी कुसमी से बॉक्साइट लेकर गढ़वा मेराल जा रहा था। इस दौरान शाम लगभग 4 बजे जैसे ही चालक डूमरखी ढाबा के समीप पहुंचा मोड़ पर रामानुजगंज की ओर से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप क्रमांक जेएच 03 एआर 0489 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रक को टक्कर मार दी। दुर्घटना के दौरान ट्रक चालक ने पिकअप को बचाने का प्रयास किया लेकिन मोड़ पर पिकअप चालक ट्रक के साइड में आ गया। इस टक्कर के बाद पिकअप चालक और उसका साथी वाहन को छोड़कर मौके से भाग निकले जबकि ट्रक चालक वाहन में ही पूरी तरह से फंस गया। एनएच 343 पर हुई टक्कर के बाद सड़क पर दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। जाम में छोटे वाहनों के साथ ही यात्री बसें भी फंस गई। घटना की सूचना मिलने के बाद हाइवे पेट्रोलिंग से अमित मिंज मिंज अपने दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और घायल ट्रक में फंसे चालक को स्थानीय नागरिक गिरवर सिंह, नवीन गुप्ता, दीपक प्रजापति, बिट्टू व पुष्कर कुमार के साथ मिलकर ट्रक के चालक सीट को काटकर बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। चालक को अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही वाहनों को बीच सड़क से हटवाकर जाम खुलवाया गया। इस दौरान एनएच 343 पर आधे घंटे अधिक समय तक लोग जाम में फंसे रहे।

## खबर संक्षेप

### मां की हत्या के आरोप में युवक गिरफ्तार



**अंबिकापुर/दरिमा ।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पोड़ीखुर्द निवासी 62 वर्षीया मानकुंवर मरावी पति रामनाथ मरावी की 13 अप्रैल की सुबह घर में मौत हो गई थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस की जांच में यह बात सामने आई मृतिका के छोटे पुत्र छोटू मरावी ने अपनी मां के साथ मारपीट की थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने 20 वर्षीय छोटू सिंह मरावी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने जुर्म कबूल कर लिया। थाना प्रभारी शशिकांत सिन्हा ने बताया कि आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### ग्राहक सेवा केंद्र में चोरी, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** ग्राहक सेवा केंद्र का ताला तोड़कर लैपटॉप, प्रिंटर समेत अन्य सामान की चोरी के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।बलरामपुर जिले के त्रिकुंडा थाना पुलिस के अनुसार ग्राम महुली निवासी विकास कुमार जायसवाल द्वारा गांव में ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन किया जाता है। 6 अप्रैल की शाम 6.30 बजे युवक ग्राहक सेवा केंद्र को बंद कर घर चला गया था। अगली सुबह जब ग्राहक सेवा केंद्र पहुंचा तो दुकान का ताला टूटा हुआ था और अंदर रखा दो प्रिंटर, लैपटॉप, बैटरी, इनवर्टर, स्टेपलाइजर, तार, पाइप समेत अन्य सामान पार हो गया था। अपने स्तर पर खोजबीन के बाद युवक ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# विजयनगर पुलिस ने तीन मवेशी तस्करों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले की विजयनगर चौकी पुलिस ने मवेशी तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

विजयनगर चौकी पुलिस के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि तस्कर मवेशियों को वध के लिए झारखंड के बूचड़ खाने लेकर जा रहे है। मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पिकअप क्रमांक यूपी 64 एटी 6909 का पीछा कर रोका गया। इस दौरान पुलिस ने वाहन सवार रामानुजगंज के कनकपुर निवासी 20 वर्षीय शिवराज रवि आ. स्व. गोला राम तरवी, 32 वर्षीय छठन सिंह आ. राजेन्द्र सिंह खैरवार व 23 वर्षीय माखन चरगत आ. सरगो चरगत को हिरासत में लेकर वाहन की तलाशी ली तो पिकअप से चार रास बैल जब्त किया गया। आरोपियों ने मवेशियों को झारखंड के बूचड़खाना लेकर जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने मामले में आरोपी मवेशी तस्करों के खिलाफ धारा 3,4,10,11 छग पशु क्रूरता अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी विजयनगर अश्विनी सिंह, थाना प्रभारी रामचंद्रपुर मनोज नवरंगे आदि मौजूद थे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के लिए सीएससी, ग्राम पंचायत और वीएलई के मध्य किया गया एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से मिलने वाली राशि को निकालने के लिए लम्बी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। अब ग्राम पंचायत में ही अटल सुविधा केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को नगदी का आहरण हो जाएगा। इसके साथ ही उन्हें जन्म, मृत्यु के साथ ही अन्य सिटीजन सेवाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

- समरसता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुआ अनुबंध

सोमवार को संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर आयोजित समरसता दिवस समारोह के दौरान डिजिटल सुविधा केंद्र स्थापित करने के लिए वीएलई (विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर) और सरपंचों के बीच एमओयू कराया गया है। पहले चरण में सरगुजा जिले के 71 ग्राम पंचायतों में इस सुविधा की शुरुआत हेतु अनुबंध किए गए है। इस अनुबंध कार्यक्रम के प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम विजय शर्मा वर्चुअल रूप से शामिल हुए। बताया जा रहा है कि सीएससी, वीएलई और ग्राम पंचायत के मध्य अनुबंध होने के बाद अब महतारी वंदन सहित एनी शासकीय योजनाओं के अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से मिलने वाली राशि को हितग्राही ग्राम पंचायत में ही आहरित कर सकेंगे और उन्हें विकासखंड या जिला मुख्यालय का चक्कर नहीं काटनी पड़ेगी। वहीं लोगों को सीएससी स्तर की सभी सुविधाएं अपने गांव में मिल सकेंगी। एमओयु होने के बाद अब 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर इसका शुभारंभ किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक राजेश अग्रवाल, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, महापौर श्रीमती मंजूषा, पार्षद आलोक दुबे, कलेक्टर, जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, विनोद हर्ष, मनोज गुप्ता, जन्मेजय मिश्रा, संतोष दास, नकुल सोनकर, अवधेश सोनकर, धनंजय मिश्रा, अजय सोनी आदि मौजूद थे।



### मोर द्वार साय सरकार अभियान का शुभारंभ

कार्यक्रम के दौरान मोर द्वार साय सरकार अभियान की भी शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत 15 से 30 अप्रैल तक प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु सर्वेक्षण किया जाएगा, ताकि पक्के मकान से वंचित पात्र लोगों को इस योजना से जोड़कर लाभान्वित किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के पांच हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतीकात्मक चाबी और उपहार देकर सम्मानित किया गया। वहीं भू-जल संरक्षण और वाटर हार्वेस्टिंग के महत्व को रेखांकित किया गया। मनरेगा के माध्यम से जिले में भू-जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी गई।



## खबर संक्षेप

### मेडिकल कैंप में 650 मरीजों का हेल्थ चेकअप



**डोमनहिल।** चिरमिरी के हल्दीबाड़ी स्थित एनसीपीएच क्लब में रविवार को अल रजा केयर फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक चले इस शिविर में 650 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की सेवाएं लीं। इस आयोजन को सफल बनाने में चिरमिरी की अंजुमन कमेटियों का सराहनीय सहयोग रहा। कैंप में छग के अनुभवी चिकित्सकों की टीम उपस्थित रही, इसमें हृदय रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग व मेडिसिन विशेषज्ञ शामिल रहे। इसके साथ ही 3 एमबीबीएस डॉक्टर एवं 3 फिजियोथेरेपिस्ट ने भी सेवाएं दीं। कैंप में 65 मरीजों की बीडीएम जांच, 50-50 मरीजों की पीएफटी और ईसीजी जांच अत्याधुनिक मशीनों द्वारा की गई। मरीजों को मुफ्त दवाइयों का भी वितरण किया गया। सुबह से ही शिविर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और क्षेत्रवासियों ने इस पहल की सराहना की।

### छात्रावास में लगा योग शिविर

**नगर।** ग्राम पंचायत नगर के पहाड़पारा स्थित आदिवासी कन्या छात्रावास में आयुष विभाग द्वारा योग शिविर लगाकर छात्रावास में निवासरत छात्राओं को योग ट्रेनर राजेन्द्र राजवाड़े व उनके सहायक द्वारा शारीरिक एवं मानसिक रूप से विकसित बनाने के उद्देश्य से योग के कई आसनों की जानकारी दी गई एवं नियम व समय कब कौन सा आशन करना सही रहेगा इस बात की जानकारी दी, साथ ही हर दिन नियमित रूप से योग करने की सलाह दी गई। इससे छात्राओं को निश्चित रूप से काफी लाभ मिलेगा। इस दौरान छात्रावास प्रभारी तारा निकुंज, सैनिक कृष्ण कुमार, महिमा बैक सहित छात्रावास के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।



### अपर आयुक्त बसंल ने जिले में किया निरीक्षण, कोरिया में आवा पानी झोंकी अभियान की तारीफ की

# पीएम आवास सर्वे में कोई भी पात्र परिवार छूटे नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

महात्मा गांधी नरेगा के आयुक्त एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संचालक रजत बंसल के निर्देश पर कोरिया में सोमवार को अपर आयुक्त मनरेगा अशोक कुमार चौबे ने टीम के साथ भ्रमण किया।

इस दौरान उन्होंने टीम के साथ विभागीय योजनाओं की प्रगति का आंकलन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यपालन अभियंता शिवकुमार सिन्हा और महात्मा गांधी नरेगा राज्य कार्यालय से तकनीकी सहायक गोपाल हिरवानी भी उनके साथ निरीक्षण भ्रमण में शामिल रहे। अपर आयुक्त श्री चौबे ने अपनी टीम के साथ सबसे पहले जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत रटगा का भ्रमण किया।



### अपर आयुक्त पहुंचे नागपुर लाई

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत महात्मा गांधी नरेगा योजना से समन्वित होकर चल रहे स्वच्छता प्रयासों का निरीक्षण मनरेगा के अपर आयुक्त अशोक चौबे के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत सेमरा अंतर्गत नागपुर थाना क्षेत्र में मनरेगा अभिसरण से निर्मित सामुदायिक शौचालय का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत लाई में निर्मित सेग्रीगेशन शेड का जायजा लिया, जहां स्वच्छाग्राही समूह द्वारा किए जा रहे डोर टू डोर अपशिष्ट संग्रहण और पृथक्करण कार्य की सराहना की।



### आवा पानी झोंकी अभियान कारगर पहल

जिला प्रशासन कोरिया द्वारा जिले में चलाए जा रहे जल संरक्षण अभियान आवा पानी झोंकी के तहत ग्राम पंचायत पोटेडांड़ में बनाए जा रहे कंटूर ट्रेंच को लेकर अपर आयुक्त श्री चौबे और कार्यपालन अभियंता श्री सिन्हा ने बेहद प्रसंशा की। उन्होंने इस पहल को और भी जगहों पर क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। वहीं अपर आयुक्त मनरेगा ने सोनहत जनपद पंचायत मुख्यालय में नर्सरी तालाब जो अब अमृत सरोवर बन गया है,उसका अवलोकन किया। यहां ग्राम पंचायत से लीज पर लेकर मछली पालन करने वाले समूह के सदस्य शिवप्रसाद से आत्मीय संवाद किया।

# हरि गौशाला को पुनः प्रारंभ करने बैठक

**बैकुंठपुर।** एमसीबी जिले के ग्राम घनपुर स्थित श्री हरि गौशाला को पुनः सक्रिय और सशक्त रूप से प्रारंभ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सहित चिरमिरी ननि के महापौर रामनरेश राय, सभापति संतोष सिंह, संघ संचालक कोरिया, विभाग संघ संचालक, सह विभाग संघ संचालक, पूर्व जिला अध्यक्ष, पूर्व जनपद अध्यक्ष समेत कई अतिथि शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि श्री हरि गौशाला की नींव वर्ष 2016-17 में रखी गई थी, लेकिन कुछ अपरिहार्य कारणों से इसका पूर्ण विकास नहीं हो सका। अब गौशाला समिति ने सामूहिक भागीदारी और जन सहयोग के माध्यम से कुछ महीनों में इसे पुनः प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। गौशाला समिति ने स्पष्ट किया कि श्री हरि गौशाला को किसी आय अर्जन के उद्देश्य से नहीं, बल्कि निराश्रित और दुर्बल गायों की सेवा तथा पुण्य लाभ के भाव से संचालित किया जाएगा। गोबर और गौमूत्र से बनने वाले लगभग 300 उत्पादों के निर्माण द्वारा गौशाला को स्वावलंबी बनाने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा।



■ स्वास्थ्य मंत्री, महापौर समेत कई हुए शामिल

### जैविक खेती का प्रशिक्षण केन्द्र बनेगा गौशाला

बैठक में यह भी प्रस्तावित किया गया कि गौशाला को किसानों के लिए जैविक खेती का प्रशिक्षण केन्द्र भी बनाया जाएगा, जहां उन्हें प्राकृतिक कृषि के फायदों की जानकारी दी जाएगी। उपस्थित अतिथियों ने इस पुनीत कार्य में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### गर्मी का दिखने लगा असर..



बैकुण्ठपुर। गर्मी से राहत पाने की कोशिश इंसान ही नहीं बल्कि जानवर भी करते हैं। कुछ इसी तरह का नजारा वार्ड क्रं. एक हर्रापारा में दोपहर के समय देखने को मिला, जब एक श्वान पानी से भरे नाद में बैठकर गर्मी से राहत पाने की कोशिश में दिखा।

### श्रीमद् भागवत कथा में झूम रहे श्रद्धालु

**बैकुंठपुर।** शहर के कोरिया पैलेस के समीप जूनापारा मोहल्ले में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचन के दौरान झाकियों के माध्यम से पंडित कमल नारायण शास्त्री द्वारा किया जा रहा है। सागर (म.प्र.) के विद्वान कथावाचक पंडित कमल नारायण शास्त्री के वाचन कला से प्रभावित श्रद्धालूगण प्रतिदिन भक्ति रस में डूब कर गोते लगाते रहे। भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्णजन्मोत्सव आर्षकण ढ़ग से प्रस्तुत किया गया। इस दौरान अभिषेक और निधि ने नंदबाबा और माता देवकी की सजीव प्रस्तुत की। सिर पर टोकनी में शिशु भगवान कृष्ण को आकर्षक ढ़ग से सजाकर रखा गया, जिसे नंद बाबा ने मंच तक इस प्रकार प्रस्तुत किया।

# पाइप लाइन बिछी पर नहीं हो रही जल आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

नगर पालिक निगम चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 34 के पार्षद राहुल भाई पटेल ने एमसीबी कलेक्टर डी. राहुल वेंकट को पत्र लिखकर नगर निगम और पीएचई विभाग के संयुक्त प्रयास से बनाए गए पाइपलाइन से जल आपूर्ति शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गर्मी में जनता बूंद-बूंद पानी को तरस रही है, जबकि करोड़ों की लागत से बिछाई गई पाइपलाइन वर्षों से बिना उपयोग के पड़ी है। पार्षद श्री पटेल ने पत्र में उल्लेख किया कि देवी अहिल्या बाई वार्ड क्रमांक 34 में करीब 70 लाख रूपए की लागत से और पूरे चिरमिरी में लगभग 4.50 करोड़ रूपए की लागत से पाइपलाइन का कार्य दो वर्ष पूर्व पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि सोनामनी काली मंदिर के पास पीएचई की ओवरहेड टंकी से कोड़ाकू बस्ती होते हुए आमानाला भट्टी दफाई तक पाइपलाइन डाली गई है।

### फर्नेश ब्लास्ट में झूलसे चार मजदूर हैदराबाद रिफर

**चांपा।** प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड में शनिवार को हुए हादसे में झुलसे मजदूरों में से चार की स्थिति गंभीर होने पर रायपुर से हैदराबाद रिफर किया गया है। दरअसल पीआईएल के 15 टन ओल्ड फर्नेश में शनिवार को ब्लास्ट हुआ था। हादसे में 13 मजदूर घायल हुए थे। घायलों को उपचार के लिए रायपुर के नारायणा हॉस्पिटल भेजा गया था। इनमें से चार मजदूरों की स्थिति गंभीर होने के कारण बेहतर उपचार के लिए हैदराबाद रिफर किया गया है। दो मजदूरों को रविवार की सुबह एयर लिफ्ट से हैदराबाद रवाना किया गया। वहीं अन्य दो मजदूरों को सोमवार की सुबह एयर लिफ्ट से हैदराबाद भेजा जाएगा। इधर हादसे की जांच औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारी कर रहे है।

# एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र में ग्रामीणों का अनिशिचतकालीन प्रदर्शन जारी



विरोध प्रदर्शन के चलते ठप रहा परिवहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एसईसीएल के बैकुंठपुर क्षेत्र में ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। सोरग, टेमरी और खोड़ गांवों के ग्रामीणों ने सड़क पर प्रदर्शन कर अपनी मांगें रखीं।

उनका कहना है कि उन्होंने कोयला परियोजना के लिए अपनी जमीन दी, लेकिन अब तक न तो उन्हें उचित मुआवजा मिला है और न ही नौकरी मिली है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन और कंपनी द्वारा आश्वासन देने के बाद भी उनकी मांगें पूरी नहीं की गई हैं। ग्रामीणों के विरोध के चलते झिलमिली पण्डोपारा से कोयला उत्खनन का काम ठप हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उन्हें मुआवजा और नौकरी नहीं दी जाती, वे आंदोलन समाप्त नहीं करेंगे।

■ मुआवजा और नौकरी की कर रहे मांग

**न्यायालय तहसीलदार लटोरी**
**जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष --
ग्राम- बीरपुर
प.ह.नं. 20

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मण्डल राम आ. शिवमंगल जाति रजवार निवासी ग्राम बीरपुर प.ह.नं. 20 रा.नि.म........ तहसील लटोरी जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के माता जसमेत का मृत्यु दिनांक 9-9-2024 को ग्राम बीरपुर में हुई है, अज्ञानतावश मृत्यु पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत बीरपुर को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 16-4-2025 तक अपना आपत्ति इस न्यायायल में पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 2-4-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**लटोरी**
**जिला सूरजपुर छ.ग.**












































14 Ambikapur-pg 3-0_Layout 1 4/14/2025 9:26 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### पंडो समाज के जिलाध्यक्ष बने काशीराम

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंडोनगर में निवासरत राष्ट्रपति दत्तक पुत्र पंडो जनजाति समाज की बैठक पिछले दिनों गांव में स्थित राष्ट्रपति भवन में आहूत की गई। यहां पर बैठक में समाज के लोगों द्वारा सर्वसम्मति से काशी राम पंडो को समाज का सूरजपुर जिलाध्यक्ष चुन लिया गया है। इस दौरान समाज की बंसती पंडो, आगरसाय पंडो, बुधनाथ पंडो, दशरथ पंडो, ललिता पंडो, तेजू पंडो, सुखनन्दन पंडो, अहिबरन, बृजेश, पुन्ना, गूलाब व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### महापौर कप रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ



**अम्बिकापुर।** रात्रिकालीन टेनिस बॉल महापौर कप क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरूआत महापौर श्रीमती मंजूषा भगत के मुख्य आतिथ्य में रविवार को किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच महामाया वार्ड क्रमांक 37 और गोधनपुर वार्ड क्रमांक 5 के बीच खेला गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती भगत ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य आपसी तालमेल, भाईचारा और स्वस्थ संवाद का संदेश देना है। इसके माध्यम से विभिन्न वार्डों के लोग एक-दूसरे से मिलेंगे जिससे अनुकूल वातावरण निर्मित होगा। प्रतियोगिता में अच्छे खिलाड़ी चिन्हांकित होंगे जिन्हें बाहर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा और वे नगर का नाम रोशन कर सकेंगे। पूर्व में प्रतियोगिता के लिए 10 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई थी लेकिन अंधड़ एवं बेमौसम बारिश के कारण प्रतियोगिता स्थगित कर दिया गया था मौसम ठीक होते ही स्पर्धा प्रारम्भ की गई। इस दौरान राजकुमार बंसल, मनीष सिंह, मधुसूदन शुक्ला, आकाश गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, रूपेश दुबे, कमलेश तिवारी, ममता तिवारी, जितेंद्र सोनी, श्वेता गुप्ता, शशि जायसवाल, मनोज सोनी, नलिनी पाण्डेय, शुभ्रा सोनी, मयंक जायसवाल, अनीश सिंह, शरद सिंह, सत्यम द्विवेदी अन्य उपस्थित थे।

### पीएमश्री विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शक्कर कारखाना का शैक्षिक भ्रमण



**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत रविवार को पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लखनपुर के 569 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यालय के प्राचार्य ऋषि कुमार पाण्डेय व शिक्षकों ने सुबह 9 बजे अपूर्ण प्रधान, श्रवण कुमार साहू, कल्पना सिंह, अंकित यादव, प्रतिमा कश्यप और रीमा यादव के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यार्थियों ने महामाया शक्कर कारखाना केरता, कृषि अनुसंधान केंद्र, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, रेलवे स्टेशन तथा वाटर पार्क का भ्रमण कर संचालन की तकनीकी जानकारी ली।

### पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष बने राजेश कुमार



**प्रतापपुर।** राजस्व पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष हेतु चुनाव मानपुर मंगल भवन मे किया गया। सर्वसहमति से निर्विरोध जिलाध्यक्ष का पद दूसरी वार राजेश कुमार साहू को दिया गया। पर्यवेक्षक के रूप मे सदन यादव अंबिकापुर संभाग अध्यक्ष मोती सिंह ठाकुर कि उपस्थित मे किया गया, जिले के समस्त तहसील के पटवारी काफ़ी संख्या मे उपस्थिति थे। जिला सचिव सतीश कुमार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अजीत कुमार अग्रवाल के अलावा ओमप्रकाश नेताम सुरेंद्र भगत, सीमा रवि, राहुल साहू, पीताम्बर कुशवाहा, जितेश दुवे, भरत पैकरा, शटकोड प्रताप सिंह, लालजी साहू, संतोष कुमार भनिया, तुलेश्वर सिंह गुलाब सिंह, वंशबहादुर रजवाड़े, रजीव लोचन विश्वकर्मा, दौलत अमोलन टोप्पो, मनोज सिंह शांतिलाल, गिरधर ठाकुरिया, नसीर अंसारी हीरामती माहेवरी, सरस्वती प्रजापति, विक्की आनंद सुशील तिवारी, शशिकान्त रणधीर, हर्ष, अशोक ठाकुर सहित अन्य पटवारी शामिल थे।

### बालिकाओं को दी जा रही कौशल विकास की ट्रेनिंग

**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिंद्रा प्राइड द्वारा बालिकाओं के लिए 40 घंटे के ट्रेनिंग की शुरूआत नांदी फाउंडेशन के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत डिजिटल लिटरेसी, आईटी, टैली तथा एप्टीटयूड टेस्ट सिखाया जाएगा इस दौरान करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ.एसएन पाण्डेय, रिसोर्स पर्सन हिमांशु पजारे, डॉ.दीपक सिंह, डॉ.विजय लक्ष्मी शास्त्री, विनीत गुप्ता, श्रीमती दीपिका स्वर्णकार, देवप्रकाश दुबे एवं श्रीमती रश्मित कौर उपस्थित थीं।

---

#### कैंप लगाकर लोगों को करेंगे जागरूक, बताएंगे आगजनी रोकने के उपाय

# अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह पर दमकल विभाग ने निकाली जागरूकता रैली



रैली को रवाना करते संभागीय सेनानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दमकल विभाग का अग्निशमन सुरक्षा आज से शुरू हुई। होमगार्ड के जवान समेत दमकल कर्मियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई जो शहर भ्रमण पश्चात पुनः फायर स्टेशन परिसर में आकर संपन्न हुई। रैली निकालने से पूर्व दमकल विभाग के शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन धारण किया गया। 14 से 20 अप्रैल तक चलने वाले अग्निशमन सुरक्षा के बीच दमकल कर्मचारियों द्वारा जिले भर में कैंप लगाकर लोगों को आगजनी की घटनाओं से बचाव व उपाय के संबंध में जागरूक किया जाएगा। संभागीय सेनानी राजेश पांडेय व जिला सेनानी श्री कठौतिया ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**खास बात**

- सुरक्षा सप्ताह के बीच होगी संभाग स्तरीय फायर ड्रिल प्रतियोगिता

होमगार्ड के संभागीय सेनानी राजेश पांडेय ने बताया कि देश में 14 से 20 अप्रैल के बीच अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इसी तारतम्य में जिले में भी अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया है। गाइडलाइन के अनुरूप दमकल कर्मचारियों द्वारा रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया जाता है। रैली से पूर्व 1944 में एक हादसे में दमकल के कई जवानों ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए और उनके सम्मान में दो मिनट का मौन धारण किया गया। 14 से 20 अप्रैल के बीच जिले में आगजनी की घटना न हो तथा लोग आगजनी की घटना को लेकर जागरूक हो इसके लिए स्कूल, कॉलेज, निजी संस्था सहित ऐसे संस्था में कैंप लगाकर जागरूक किया जाता है जहां आगजनी होने की संभावना अधिक होती है। उन्होंने अग्निशमन कर्मचारी, एसडीआरएफ तथा नगर सैनिकों को आगामी सप्ताह में किए जाने वाले अग्निशमन संबंधित रचनात्मक कार्यों के बारे में जानकारी और सुझाव देते हुए अवगत कराया गया कि इस कार्यक्रम में संभाग स्तरीय फायर ड्रिल की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार और अन्य आकर्षक पारितोषक भी प्रदान किए जाएंगे जिसके लिए संभाग स्तरीय तैयारी करें। अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह पर बाइक व वाहन रैली को संभागीय सेनानी राजेश पांडेय व जिला सेनानी श्री कठौतिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली प्रतीक्षा बस स्टैण्ड दमकल कार्यालय परिसर से शुरू होकर बिलासपुर चौक, भारत माता चौक, महामाया चौक, बौरीपारा प्रतापपुर चौक, मिशन चौक होते हुए रिंग रोड नमनाकला से पुनः कार्यालय परिसर में आकर संपन्न हुई।

#### अग्निशमक कर्मी हुए थे शहीद

संभागीय सेनानी राजेश पांडेय ने बताया कि 1944 में विक्टोरिया डॉक यार्ड पर फोर्ट स्टीकेन नामक मालवाहक जहाज खड़ा था, जिसमें रूई की गांठ, विस्फोटक सामग्री एवं युद्ध उपकरण भरे हुए थे। अचानक उसमें आग लग गई थी। मुंबई के अग्निशमन दल के जवान आग को बुझाने की लगातार कोशिश कर रहे थे। आग बुझाते समय जहाज में विस्फोटक सामग्री होने के कारण विस्फोट हुआ जिसमें दमकल के 66 अग्निशमन कर्मी आग की चपेट में आकर वीरगति को प्राप्त हुए थे। इन बहादुर अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन दिवस एवं 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन दल द्वारा अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है।

#### अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ

सूरजपुर। अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ आज कलेक्ट्रेट से किया गया। इस अवसर पर अग्नि सुरक्षाकर्मी शहीदों के सम्मान में 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कलेक्टर एस.जयवर्धन द्वारा जन जागरूकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने बचाव ही बेहतर सुरक्षा है का संदेश देते हुए कहा कि हर नागरिक को आग से बचाव के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान फायर सेफ्टी, अवेयरनेस ड्राइव, मॉक ड्रिल और प्रशिक्षण सत्र जैसे विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर दमकल विभाग द्वारा जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। अग्निशमन सेवा सप्ताह 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला अग्निशमन अधिकारी संजय गुप्ता ने बताया कि अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के दौरान कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसके अंतर्गत अग्निशमन केंद्र की ओर से मल्टीप्लेक्स, बहुमंजिला इमारत, शिक्षण संस्थानों, हॉस्पिटल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन और कर्मचारियों को आग बुझाने के तरीके को समझाया जाएगा। फायर कर्मचारी द्वारा आग बुझाने और आग लगने के दौरान बिल्डिंग में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकलने का डेमो भी दिया जाएगा। जिला अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि 14 अप्रैल 1944 में मुंबई के विक्टोरिया डाक यार्ड में हुए भीषण अग्निकांड के दौरान शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मचारी और अधिकारियों की शहादत को याद करने के साथ आमजन को अग्नि दुर्घटनाओं से सजग करने के लिए यह अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, जिला सेनानी सूरजपुर, नगर सेना के कर्मचारी, सैनिक व फायर कर्मी उपस्थित थे।




- कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को किया रवाना

---



## काट दिए गए एसईसीएल महाप्रबंधक निवास प्रांगण में लगे डेढ़ दर्जन फलदार वृक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयला खदान क्षेत्र में पौधा रोपण के नाम से कई लाख रुपये खर्च करने और विश्व पर्यावरण दिवस में पर्यावरण बचाने हेतु शपथ दिलाने वाले एसईसीएल बिश्रामपुर महाप्रबंधक की धर्मपत्नी के द्वारा कंपनी आवास जीएम बंगला के अहाते से लगे दर्जन भर से अधिक हरे भरे विशाल फलदार पेड़ों को कटवा दिए जाने का गंभीर मामला सामने आया है।

- नब्बे के दशक में तत्कालीन महाप्रबंधक ने पर्यावरण दिवस में लगवाये थे

बताया गया कि वर्तमान समय में पतझड़ के चलते जीएम बंगला के प्रवेश द्वार सहित प्रांगण में पेड़ो से पत्ते गिर रहे हैं।सफाई पसंद जीएम की अर्धांगनी को यह बात नागवार गुजरी जिसके बाद उन्होंने अपने स्टॉफ को डेढ़ दर्जन भर से अधिक पुराने फलदार वृक्षों को काटने का मौखिक आदेश दे दिया और फिर स्टॉफ ने बंगला के बगल में लगे करीब डेढ़ दर्जन की संख्या में बड़े फलदार वृक्षों को काटकर जमींदोज कर दिया है।घटना के बाद अब मौके से सबूत मिटाने के लिए कटे हुए पेड़ो के ठूंठ को भी निकलवाए जा रहे हैं।खबर है कि बंगला में काम करने वाले स्टॉफ भी जीएम की पत्नी के फलदार दर्जन भर से अधिक पेड़ों के काटने के आदेश के बाद असहज महसूस कर रहे थे लेकिन बाद में आदेश मानने की मजबूरी में स्टॉफ ने पहले इलेक्ट्रिक आरी की व्यवस्था की और फिर बारी बारी से अठारह से बीस की संख्या में फलदार पेड़ो को काट कर गिरा दिया गया।बताया गया कि उक्त काटे गए वृक्षों को नब्बे के दशक में तत्कालीन जीएम ने पर्यावरण दिवस के मौके पर रोपित करवाए थे, तब पौधों को बचाने के लिए अधिकारी ने इस एरिया की फेंसिंग भी कराई थी जो आज भी मौजूद है।जीएम बंगला परिसर में लगे बड़े बड़े वृक्षों को एक आदेश में कटवाने की घटना को लेकर नगर में तीखी प्रक्रिया सामने आई है।पर्यावरण बचाने पौधा रोपण की मुहिम चलाने वाले प्रकृति प्रेमियों ने इस घटना की निंदा कर पूरे मामले की जांच की मांग की है। असंगठित कामगार कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संदीप शर्मा ने कहा कि बिश्रामपुर एसईसीएल जीएम बंगला परिसर में लगे दर्जन भर से अधिक वृक्षों को बिना ठोस वजह कटवा देना निंदनीय है। पढ़े लिखे और सभ्य समाज के लोगों द्वारा पद की गरिमा के विपरीत ऐसाकार्य करना शोभा नहीं देता उन्होंने डीएफओ को पत्र लिख मामले की जल्द शिकायत किए जाने की बात कही है। इस संबंध में एसईसीएल के क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी गौतम दत्त से जानकारी लेने संपर्क किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाने की वजह से उनका पक्ष नहीं लिया जा सका है।

---

## आंबा केंद्र निर्माण व महामाया चौक के जीर्णोद्धार की मांग



- एमआईसी सदस्य ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर।** वार्ड में आंगनबाड़ी भवन के निर्माण व महामाया चौक के सौदर्यीकरण की मांग को लेकर वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य ने ननि आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने आयुक्त से चर्चा कर समस्याओं को देखते हुए पहल करने की मांग की है।

वार्ड क्रमांक 37 की पार्षद व महिला तथा बाल कल्याण विभाग की एमआईसी सदस्य श्रीमती प्रियंका विकास गुप्ता ने बताया कि वार्ड के अंतर्गत दो आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है और दोनों आम्बा केन्द्रों का संचालन किराए के भवन में किया जा रहा है। वार्ड वासियों की मांग है कि शासकीय भूमि पर अपना आंगनबाड़ी केंद्र बनाया जाए जहां क्षेत्र के निवासरत बच्चों को आन्गंबदी केंद्र के माध्यम से शासकीय योजनाओं और प्राथमिक शिक्षा का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि वार्ड में शासकीय भूमि उपलब्ध है और ननि आयुक्त से उन्होंने भूमि का चिन्हांकन कर आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कराने की मांग की है।

#### महामाया चौक का हो सौन्दर्यीकरण

वार्ड पार्षद और महिला तथा बाल कल्याण विभाग की एमआईसी सदस्य श्रीमती गुप्ता ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर वार्ड एक अंतर्गत आने वाले महामाया चौक के जीर्णोद्धार और सौन्दर्यीकरण की मांग की है। उन्होंने बताया कि महामाया चौक शहर का हृदय स्थल है और यह चौक लम्बे समय से अव्यवस्थित रूप से टूट फूट गया है। देखरेख के आभाव में चौक की शोभा खराब हो रही है। वार्ड वासियों व व्यवसायियों द्वारा चौक के जीर्णोद्धार की मांग की जा रही है। उन्होंने ननि आयुक्त से जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए महामाया चौक का जीर्णोद्धार करने एवं चौक का सौंदर्यीकरण कराने हेतु पहल करने की मांग की है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार मैकेनिक गंभीर रूप से घायल

**बिश्रामपुर।** ग्राम अजबनगर स्थित महिंद्रा शो रूम से मैकेनिक का काम कर घर लौट रहे बाइक सवार मैकेनिक को कार सवार ने टक्कर मार दी है।दुर्घटना में घायल युवक को अंबिकापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम सतपता निवासी मो. साहिल अपनी हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 ईई 1222 में ग्राम अजबनगर स्थित महेंद्रा शो रुम से मैकेनिक का काम करके वापस अपने घर लौट रहा था, तभी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर कुंजनगर मोड के पास विपरीत दिशा से आ रहे मारुति इको कार क्रमांक सीजी 15 सीडब्ल्यू 0762 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी है।उक्त दुर्घटना में बाइक सवार के सिर, कमर व पैर में गंभीर चोट आने पर परिजन उसे अंबिकापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराये हैं। सूचना पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## जल है तो जीवन है, जल संरक्षण वर्तमान की बड़ी आवश्यकता : अरविंद

**सूरजपुर।** शहर भाजपा ने सेवा पखवाड़ा गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत जल निकायों के संरक्षण हेतु भैयाथान रोड स्थित दुलही तालाब के आसपास सफाई अभियान चलाकर जल संरक्षण का संदेश दिया।



गौरतलब है कि गर्मी का मौसम प्रारम्भ होने वाला है तथा गर्मी के मौसम में पानी की समस्या देखने को मिलती है। जल संरक्षण का कोई प्रयास नहीं किए जाने से शहर में गर्मी के मौसम में पानी की समस्या देखने को मिलती है। इसी समस्या को देखते हुए जल संरक्षण का सन्देश देने शहर मंडल प्रभारी शशिकांत गर्ग की विशेष उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा के नेतृत्व में पदाधिकारी व पार्षदों ने जल निकायों के संरक्षण एवं उनके संवर्धन, जल है तो कल है का सन्देश देने के लिए शहर वासियों को जागरूक किया। इस दौरान शशिकांत गर्ग,डॉ. एचएन चतुर्वेदी, अरविंद मिश्रा, मुकेश गर्ग, प्रमोद तायल, ललन राम सोनवानी, संतोष सोनी, राजू देवांगन,प्यारेलाल साहू, पंकज चौबे, आनंद सोनी, भोला साहू, नीरज जिंदिया, शिवशंकर साहू, संस्कार अग्रवाल, अजय सिंह, भूपेंद्र राजवाड़े ,लक्ष्मण कसेरा, रंजन सोनी, विकास अग्रवाल, अजय मित्तल, धरमवीर सोनी, प्रेमशंकर सोनी, यस अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, पार्षद एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के पंच तीर्थ स्थलों की परिक्रमा कर दी श्रद्धांजलि



अम्बेडकर चौक पर श्रद्धांजलि देते भाजपाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा ने शहर के अंबेडकर चौक पर भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर फूल-माला अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

श्रद्धांजलि उपरांत जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में उनके जन्मस्थान महू, दीक्षा भूमि नागपुर, महापरिनिर्वाण स्थल दिल्ली, चौपाटी मुंबई और संविधान भवन को पंच तीर्थ मानते परिक्रमा किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने कहा कि बाबा साहब ने न केवल संविधान की रचना की, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के माध्यम से समाज को एक नई दिशा दी। भाजपा उनके विचारों को आत्मसात कर समाज के अंतिम व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। भाजपा ही एकमात्र राजनीतिक दल है जिसने बाबा साहब के सिद्धांतों को धरातल पर उतारा है। अंत में उपस्थित जनों ने बाबा साहब के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि भाजपा स्थापना सप्ताह के अंतर्गत रविवार को देर शाम अंबेडकर चौक पर महापौर मंजूषा भगत की उपस्थिति में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, छत्तीसगढ़ युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, आलोक दुबे, विनोद हर्ष, विकास पाण्डेय, कमलेश तिवारी, मनोज कंसारी, करताराम गुप्ता, रविंद्र गुप्ता भारती, जन्मेजय मिश्रा, गोल्डी बिहाड़े, इंदर भगत, अजय सिंह, रविकांत उरांव, नकुल सोनकर, सोमनाथ सिंह, निलेश सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

#### डॉ. अंबेडकर जयंती पर भाजपाइयों ने किए विविध कार्यक्रम

**बिश्रामपुर।** भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार 14 अप्रैल को संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती शिवनंदनपुर मंडल अंतर्गत ग्राम सतपता स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर मंच में मनाया गया। यहां पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया गया। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा देश के लिए किए गए कार्यों से लोगों को अवगत कराया गया। साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। भाजपा के शिवनंदनपुर मंडल प्रभारी दीपेंद्र सिंह चौहान, अनूप सिन्हा, मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े, अशोक गुप्ता, नगर पंचायत शिवनंदनपुर संचालन समिति अध्यक्ष कृष्ण गोयल बल्लु, श्यामू साहू, देवधन राम बिंझिया, देवेंद्र सोनवानी, पार्षद रविशंकर बउवा, भागवत प्रजापति, नरेंद्र प्रजापति, राम प्रताप, मनी बग्गा, शिव कुमार, सचिन तायल, तिलकधारी सोनवानी, दुर्गा गुप्ता, विनोद शाह, दुर्गा यादव, हंस, बुलचु राजवाड़े, दल साय, कामेश सोनी, मान सिंह, यश सोनी व अन्य उपस्थित थे। साथ ही भारतरत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर जयंती के अवसर पर अंबेडकर चौक में शिवनंदनपुर मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा साफ सफाई कर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित का कार्यक्रम भी किया गया।



#### एनएसयूआई ने मनाया बाबा साहेब की जयंती

**सूरजपुर।** भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू के नेतृत्व में पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में बाबा साहेब के छायाचित्र पर माल्यार्पण व 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। आकाश साहू ने बताया कि बाबा साहेब एक महान अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और महान समाज सुधारक थे। उन्होंने छुआछूत और जातीय भेदभाव के खिलाफ आंदोलन चलाया। उन्होंने समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय पर आधारित संविधान की नींव रखी थी। इस दौरान युवध सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, शिवम साहू, आशीष साहू, महेन्द्र सिंह, शिव प्रताप सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता व छात्र उपस्थित थे।



#### नगर में धूमधाम से मनाई गई डॉ. अम्बेडकर जयंती

**लखनपुर।** सोमवार को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान नगर के साक्षरता मिनी स्टेडियम में सरपंच संघ और सर्व समाज के द्वारा बाबा साहब की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबा साहब के छायाचित्र के समक्ष माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा पूर्वक नमन किया इसके साथ ही नगर में भव्य रैली निकाली गई। रैली का अब्दुल कलाम चौक के समीप मुस्लिम समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा से स्वागत कर सभी को बाबा साहब की जयंती की बधाई शुभकामनाएं दी और गले मिले। शैला नृत्य, नर्तक दल व डीजे के साथ रैली एनएच 130 लखनपुर होते हुए भरतपुर मोड़ के समीप डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक के पास पहुंची जहां डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्या अर्पण करते हुए उन्हें श्रद्धा पूर्वक नमन किया। जय भीम और बाबा साहब के नारो से पूरा नगर गूंज उठा। माल्यार्पण उपरान्त रैली गुदरी चौक, प्रतीक्षा बस स्टैंड होते हुए वापस साक्षरता मिनी स्टेडियम पहुंची जहां सर्व समाज के लोगों द्वारा सैला नृत्य के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस दौरान सरपंच संघ के अध्यक्ष बनवारी राम आर्मो, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष प्रयाग सिंह, सुखसाय पोर्ते, सूरज सिंह, प्रमोद सिंह, विफल राम, रघुवीर सूर्यवंशी, शमीम खान, हासिम खान, इरशाद खान, गप्पू खान, आमिर सोहेल, नुसरत अली जानिसार अख्तर, मनोज कुमार, इमरान हुसैन, इमरान अंसारी, रुस्तम खान सहित अन्य मौजूद रहे।



#### शक्ति केन्द्र चंदौरा में मनाई गई डॉ. अंबेडकर जयंती

**प्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल प्रतापपुर के शक्ति केंद्र चंद्रौरा में बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह, जिला मंत्री अशोक सिंह, मुकेश तायल एवं विशिष्ट अतिथि अक्षय तिवारी द्वारा छाया चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर डॉ. भीम राव आंबेडकर की जीवन चर्चा व आदर्श पर चर्चा की गई। इस दौरान अवधेश पांडे, प्रवीण दुबे,आनंद शुक्ला, गोविंद रजवाड़े, अनिल पैकरा, सदानंद पैकरा, धनसाय, समई सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### कार्यशाला में नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ को दी गई नए कानून की जानकारी

**सूरजपुर।** तीन नए आपराधिक कानून के पहलुओं से डॉक्टर, नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ को अवगत कराने कार्यशाला का आयोजन किया गया। शनिवार को जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में नए कानूनों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें एएसपी संतोष महतो द्वारा जिला चिकित्सालय के डॉक्टर, नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ को नए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस एवं चिकित्सक तथा चिकित्सीय क्षेत्र से जुड़े सभी तीन नए कानून का अच्छी तरह अध्ययन करें जिससे इनका जनहित में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस का प्रमुख काम अपराध होने से पहले ही रोकना और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की अपराध विवेचना सहित घायलों को चिकित्सीय उपचार, मुलाहिजा व पोस्ट मार्डम में डॉक्टर व उनकी टीम का बड़ी महत्वपूर्ण कार्य होता है जिसमें सहयोग करने की बात कही। इस दौरान थाना प्रभारी विमलेश दुबे, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय मरकाम, जिला चिकित्सालय डॉक्टर, स्टाफ नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।

### वक्फ बिल से आदिवासी भूमि पर अवैध कब्जे पर लगा अंकुश, जताया आभार

**अम्बिकापुर।** जनजाति गौरव समाज के प्रदेश महामंत्री रामलखन पैकरा ने वक्फ बिल के दोनों सदनों में पारित होने पर प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति तथा



केंद्रीय जनजाति कल्याण मंत्री को पत्र लिखकर आभार ज्ञापित किया है। उन्होंने पत्र में कहा है कि वक्फ संशोधन कानून आदिवासियों की भूमि पर अवैध कब्जे पर अंकुश एवं अनुसूचित जनजातियों की हितों की रक्षा करेगा। बिल में प्रावधान है कि संविधान के अनुसूची 5वीं एवं 6वीं के क्षेत्रों में किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकेगा। इससे जनजातीय भूमि पर अवैध कब्जों पर प्रभावी रोक लगेगी और जनजातीय संस्कृति को संरक्षण मिलेगा साथ ही प्रशासनिक और न्यायिक पारदर्शिता को भी सुनिश्चित करेगा। इस कानून में संशोधन से देश के साथ जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में खुशी की लहर है। यह निर्णय जनजातीय समुदायों के लिए वरदान लेकर आया है क्योंकि उनकी जमीन पर अतिक्रमण ओर स्वामित्व का विवाद लम्बे समय से चिंता का विषय रहा है।

### रात के समय टॉर्च की रोशनी में ऑपरेशन कर बचाई गई भैंस की जान

**लखनपुर।** पशु चिकित्सक ने दूसरे जिले में जाकर रात के समय टॉर्च की रोशनी मे ऑपरेशन कर भैंस की जान बचाई। चिकित्सक ने सिजेरियन के जरिए भैंस के पेट में मृत बच्चे को बाहर निकाला गया और अब भैंस पूर्ण रूप से स्वस्थ बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि 9 अप्रैल को पशुपालक बलरामपुर जिले के नरसिंहपुर निवासी सत्येंद्र प्रकाश यादव की भैंस गर्भकाल पूरा होने के बाद भी बच्चा नहीं दे पा रही थी। इस दौरान पशु मालिक ने नजदीकी पशु उपचार कर्ता को बुलाकर फंसे हुए बच्चे को खींचकर निकालने का प्रयास किया। लगभग तीन घंटे के प्रयास के बाद भी जब बात नहीं बनी तो उन्होंने देर शाम 7 बजे पशु चिकित्सक लखनपुर सफदर खान से सम्पर्क किया जिसके बाद उन्होंने उप संचालक पशुधन विकास विभाग डॉ. आरपी शुक्ला से सम्पर्क कर अनुमति ली और बलरामपुर जिले में जाकर पशुपालक सत्येन्द्र प्रकाश यादव की सहमति से भैंस का ऑपरेशन कर फंसे हुए बच्चे को बाहर निकाला। चूंकि रात का समय था और बारिश के कारण विद्युत आपूर्ति क्षेत्र में बाधित थी को टॉर्च की रोशनी में ही ऑपरेशन किया गया। इस दौरान एक मृत बच्चे को बाहर निकाला गया जिसके बाद भैंस की जान बच गई। इस दौरान डॉ. सफदर के पशु चिकित्सक व प्रभारी मोबाइल यूनिट राजपुर डॉ. गोपाल राजवाड़े मौजूद थे।

### विद्यालय प्रवेश पर केन्द्रीय विद्यालय में हुए विविध कार्यक्रम



**अम्बिकापुर।** केंद्रीय विद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत हेतु विद्या प्रवेश कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य राजेश प्रसाद, प्रभारी मुख्य अध्यापिका श्रीमती रत्ना श्रीवास्तव व अन्य शिक्षकों एवं अभिभावक सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों की नृत्य, गीत एवं अभिनय से सजी प्रस्तुतियों ने न केवल उनके उत्साह और प्रतिभा को उजागर किया बल्कि पूरे कार्यक्रम में उत्सव का वातावरण निर्मित कर दिया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी छात्रों को शिक्षण-सामग्री का वितरण किया गया। समापन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश प्रसाद ने नवागंतुक विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अभिभावकों से विद्यालय की शैक्षणिक दृष्टिकोण, अनुशासन एवं समग्र विकास की रूपरेखा साझा की। इस दौरान आनंद खेस, अनामिका, श्रीमती साक्षी यादव, श्रीमती वैशाली सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में पड़ेगा और अधिक प्रभाव

# छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट के झरनों की धार हुई पतली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/मैनपाट

गर्मी में छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट में प्रदेशभर के पर्यटकों को आकर्षित करने वाले झरनों की धार अब पतली हो गई है। झरनों की ऐसी स्थिति तब है जब मार्च एवं अप्रैल के महीने में क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई है। भविष्य में भीषण गर्मी पड़ने पर झरनों की सुंदरता पर विपरीत प्रभाव पड़ने एवं धार और अधिक पतली होने की संभावना जताई जा रही है।

**खास बात**
- नदी-नालों के डूबान क्षेत्र में लगातार बढ़ रहा धान का रकबा

मैनपाट से निकलने वाले एक दर्जन से अधिक नाली-नाले, घाट-पहाड़, प्राकृतिक विविधता एवं अनेक झरनों ने इसे न केवल अलग पहचान दिलाई है बल्कि पर्यटन के नक्शे पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राकृतिक विविधता के कारण मैनपाट में अपेक्षाकृत बेहद कम गर्मी पड़ती है। ठंड के मौसम में तो यहां का नजारा ही अलग होता है तथा दिसम्बर में तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है। बुजुर्ग बताते है कि तीन दशक पूर्व तक यहां सालो भर रात में ठंडक लगती थी लेकिन अब ऐसी स्थिति नहीं है। जंगलों का तेजी से ह्रास होने एवं नदी-नालों की भूमि में अवैध अतिक्रमण होने के कारण मैनपाट का वातावरण तेजी से बदल रहा है तथा यहां भी अब भीषण गर्मी पड़ रही है। अप्रैल मध्य में ही पर्यटकों को आकर्षित करने वाले टाइगर पाइंट, मछली पॉइंट, मेहता पाइंट एवं दलदली झरने की धार पतली हो गई हे। नदियों का जलस्तर कम होने के कारण टाइगर पाइंट से जल एक रेखा शक्ल में गिर रहा है। यही हाल अन्य झरनों का है। अब झरनों के पास न तो पानी गिरने का संगीत सुनाई देता है न ही आसपास में फव्वारे जैसा दृश्य नजर आता है। भविष्य में गर्मी बढ़ने पर झरनों की धार में और अधिक कमी आने की संभावना जताई जा रही है। गर्मी में झरनों का कलरव बंद होने के कारण पर्यटकों की आवाजाही भी प्रभावित हुई है।



टाइगर पॉइंट झरना।



दलदली झरना।

### जगह-जगह हो रही ग्रीष्मकालीन धान की खेती

मछली नदी, घुनघुट्टा नदी, महादेव नदी, उड़मकेला नाला, मेघारोना सहित अन्य नदी-नालों के जलस्तर में कमी होने के पीछे ग्रीष्मकालीन धान की खेती को बड़ा कारण माना जा रहा है। ग्रामीण जगह-जगह नदी-नालों को बांधकर ग्रीष्मकालीन धान की खेती कर रहे है। नदी किनारे के खेतों में लगी ग्रीष्मकालीन धान की सिंचाई नदी-नालों के पानी से की जा रही है। जिसके कारण नदी-नालों का जलस्तर तेजी से कम हो रहा है। नदी के डूबान क्षेत्र की भूमि का उपयोग ग्रामीण ग्रीष्मकालीन धान की खेती के लिए कर रहे हैं। ग्राम रंगुआपारा, बारीडांड, घटगांव, पैगा, सुपलगा, जवाखार सहित आसपास के गांवों में लोग बड़े पैमाने पर ग्रीष्मकालीन धान की खेती कर रहे हैं।



### लगातार बढ़ रहा अतिक्रमण

लगातार बढ़ रहा अवैध अतिक्रमण भी नदी-नालों के अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा साबित हो रहा है। ग्रामीण नदी-नालों के डूबान क्षेत्र को खेत बना दिए है। नदी के बहाव को बाधित कर ग्रामीणों ने दोनों ओर मेड़ बनाकर नाले का शक्ल दे दिया है। नदी-नालों के उद्गम स्थल भी अवैध अतिक्रमण से सुरक्षित नहीं है। क्षेत्रवासी नदी-नालों के उद्गम स्थलों की भूमि पर खेती कर रहे हैं जो भविष्य में नदी-नालों के अस्तित्व के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। मैनपाट के वातावरण में आ रहे बदलाव को लेकर इस तरह के मूल कारणों पर किसी का ध्यान नहीं है। जानकार बॉक्साइट उत्खनन के लिए लगातार किए जा रहे धमाके को भी नदी-नालों के अस्तित्व के लिए खतरनाक मान रहे है।



## साथी मिलने के बाद उत्पाती दंतैल हुआ सामान्य, लौटे विशेषज्ञ चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सुरक्षा के लिए चुनौती बना लोनर दंतैल के व्यवहार में अब व्यापक बदलाव देखा जा रहा है। दिन-रात एक रेंज से दूसरे रेंज तक भ्रमण करने के साथ ही तीन ग्रामीणों को मौत के घाट उतारने वाला दंतैल अब दूसरे लोनर दंतैल के साथ मिल गया है। दूसरे दंतैल का साथ मिलने के बाद उसकी गतिविधियां कम हो गई है।

- तीन लोगों की ले चुका है जान, शासन ने दी थी ट्रेंक्यूलाइज करने की स्वीकृति

दंतैल 20 दिन पूर्व दल से अलग होकर बेहद आक्रामक हो गया था तथा लगातार एक जंगल से दूसरे जंगल में भ्रमण कर रहा था। एक सप्ताह के भीतर दंतैल शंकरगढ़, सेमरसोत अभ्यारण्य अंतर्गत कोदौरा एवं प्रतापपुर में तीन लोगों की जान ले चुका था। दंतैल के आक्रामक स्वभाव को देखते हुए विभाग ने उसे ट्रेंक्यूलाइज कर रेडियों कॉलर लगाने का प्रस्ताव भेजा था। शासन की स्वीकृति मिलने के बाद कानन पेंडारी के चिकित्सक डा. चंदन पहुंचे थे। विभाग द्वारा दंतैल को ट्रेंक्यूलाइज करने की तैयारियां पूरी कर ली गई थी। इस दौरान दंतैल सहित अन्य तीन लोनर हाथियों के एक साथ भ्रमण करने की सूचना पर उसके दल से अलग होने का इंतजार किया जा रहा था। इधर दल में शामिल होने के बाद दंतैल के व्यवहार में व्यापक बदलाव आ गया है। हालांकि लोनर हाथी फिर से अलग-अलग क्षेत्रों में घूम रहे हैं। दंतैल के व्यवहार में अंतर आने एवं दिन-रात भ्रमण करने की जगह अब रात में भोजन की तलाश में निकलते देख विभाग ने फिलहाल उसे ट्रेंक्यूलाइज करने का प्रस्ताव स्थगित कर दिया है। दंतैल ने व्यवहार में बदलाव आने के बाद डॉ.चंदन वापस कानन पेंडारी लौट गए हैं। इस बीच दंतैल ने अपने साथी के साथ मोहनपुर, कल्याणपुर तथा शहर से सटे सकालों जंगल का भ्रमण किया। दंतैल दुप्पी-चौरा, राजपुर जंगल का भ्रमण करते हुए वापस प्रतापपुर जंगल में पहुंच गया है तथा टुकुडांड बीट अंतर्गत नवाडीह-पेंडारी जंगल के आएएफ 4849 में मौजूद है। वन अधिकारियों का कहना है कि जंगल के बड़े इलाके एवं आबादी क्षेत्र के निकट भ्रमण करने के बावजूद उसने उत्पात नहीं मचाया है।

इस संबंध में वन संरक्षक वाइल्ड लाइफ केआर बढ़ई ने बताया कि बड़े दंतैल के साथ भ्रमण करने के कारण दंतैल के स्वभाव में बदलाव आया है तथा अब वह सामान्य हो गया है। दंतैल की नियमित निगरानी की जा रही है।

## क्षेत्र वासियों को मिल सकती है रेलवे लाइन की सौगात

**रामानुजगंज।** आजादी के 75 वर्षों के बाद क्षेत्र वासियों को जल्द मिल सकती है रेलवे लाइन की सौगात, ब्रिज निर्माण के लिए मिट्टी परीक्षण का कार्य हो रहा है। नगर की सीमा से महज 500 मीटर की दूरी पर रेलवे द्वारा डीपीआर तैयार करने हेतु ब्रिज निर्माण के लिए मिट्टी परीक्षण का कार्य कराया जा रहा है। जिस प्रकार से तेजी से रेलवे द्वारा रेल लाइन बिछाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उससे क्षेत्र वासियो में आस जगी है कि जल्द क्षेत्र में रेल लाइन की सौगात मिलेगी। डीपीआर तैयार करने हेतु मिट्टी परीक्षण का कार्य कर रहे कंपनी कर्मचारियों ने बताया कि गढ़वा से अंबिकापुर रेल लाइन के लिए कंपनी द्वारा कन्हर नदी में ब्रिज निर्माण के लिए मिट्टी परीक्षण का कार्य किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ एवं झारखंड में वन भूमि से होकर रेल लाइन गुजरेगी। इसके लिए अनुमति के बाद डीपीआर बनाने का कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि निजी भूमि भी अधिग्रहित की जाएगी इसके लिए शासन को पत्र रेलवे द्वारा लिखा जा चुका है। जिस प्रकार से भारत सरकार के उपक्रम रेल विभाग द्वारा अंबिकापुर रेल लाइन के लिए निर्माण के लिए मिट्टी का परीक्षण कराया जा रहा है उसे लोगों में आज जगी है कि जल्द क्षेत्र वासियों को रेल लाइन की सेवा मिलेगी। जिसे लेकर क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर है।

- ब्रिज निर्माण के लिए मिट्टी परीक्षण कार्य प्रारंभ



## सर्व कुम्हार समाज ने किया माटी कला बोर्ड अध्यक्ष का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश में निगम मंडल विस्तार के बाद माटी कला बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती का प्रथम सरगुजा आगमन पर सर्व कुम्हार समाज के जिला अध्यक्ष शंकर प्रजापति के नेतृत्व पर सर्किट हाउस में समाज के लोगों द्वारा स्वागत किया।

इस अवसर पर नव नियुक्त अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती ने कहा कि अब छत्तीसगढ़ के कुम्हारों की जनगणना कराएंगे। कुम्हार समाज में विभिन्न संगठनबंटा हुआ है जिसे सबकी सहयोग से एक करेंगे। प्रदेश के सभी जिलों में तापभट्टी केंद्र खोलकर समाज के लोगों को रोजगार दिलाया जाएगा। समाज के लोगों को रोजगार की मुख्य धारा में जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करेंगे। अध्यक्ष शंकर प्रजापति ने कहा सरगुजा संभाग से माटी कला बोर्ड का अध्यक्ष हम सबको मिला है यह खुशी की बात है। नवनियुक्त अध्यक्ष के नेतृत्व में सरगुजा की कुम्हार कार्य करने को उत्सुक है। सरगुजा के सभी ब्लॉकों में समाज के पदाधिकारी कार्य करने में जुट गए हैं। इस दौरान शोभनाथ प्रजापति, प्रताप प्रजापति, फागुन प्रजापति, शिवनाथ प्रजापति, परमेश्वर प्रजापति, दशरथ प्रजापति, समेलाल प्रजापति, सिद्धार्थ प्रजापति, घासीराम प्रजापति, मदन मोहन प्रजापति, मनोज प्रजापति, कृष्णा प्रजापति, मनोहर प्रजापति, मुरली प्रजापति सहित अन्य समाज के लोग मौजूद रहे।



## संयुक्त सुरक्षा दल ने चोरी के कलपुर्जे लोड मालवाहक को खदान परिसर में पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल के त्रिपुरा बटालियन के सशस्त्र जवानों व कंपनी सुरक्षा अमले की संयुक्त पेट्रोलिंग दस्ते की टीम ने सोमवार करीब तीन बजे मुखबिर की सूचना पर बलरामपुर खदान से लोहे की मशीनरी पार्ट की चोरी कर ले जा रहे पिकप वाहन को पकड़कर बिश्रामपुर पुलिस को सौंपा है।

- वाहन छोड़ मौके से फरार हुए कबाड़ चोर

बिश्रामपुर पुलिस ने मामले में कंपनी सुरक्षा कर्मी उजीत राम की रिपोर्ट पर मिनी मालवाहक वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 2763 के मालिक सहित अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4),305(ए),3(5) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।पुलिस घटना के बाद से फरार हुए आरोपियों की पता तलाश में जुटी है।पिकप वाहन में जप्त लोहे के कल्पुर्जो की कीमत करीब 40 हजार रुपये आंकी गई है।पुलिस को दर्ज कराए रिपोर्ट में सुरक्षा कर्मी उजीत राम ने बताया है कि मिनी मालवाहक वाहन को मध्य रात्रि में कबाड़ चोर बलरामपुर खदान परिसर के भीतर ले जाकर वहां मौके पर पड़े लोहे की मशीनरी पार्ट लोहे का गाटर,लोहे की लंबी सीट प्लेट व ड्रम को लोड कर कबाड़ी ले जाने की तैयारी में जुटे थे तभी पेट्रोलिंग दस्ता मौके पर पहुंच गया।पेट्रोलिंग दस्ते को करीब आता देख मिनी मालवाहक वाहन में सवार करीब 5 की संख्या में कबाड़ चोर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले जिसके बाद पेट्रोलिंग पार्टी ने लोहे के कल्पुर्जे लोड गाड़ी को बिश्रामपुर थाना लाकर पुलिस को सौंप दिया है।बता दे कि जिले की पुलिस कबाड़ व कोयला सहित अवैध कारोबारियों पर पूरी तरह नियंत्रण का दावा करती है लेकिन सच्चाई इसके ठीक उलट है।इस घटना के बाद खदान क्षेत्रों में कबाड़ चोरों की सक्रियता के पुख्ता प्रमाण मिले हैं।जप्त वाहन में लोड किया लोहा इतवारी बाजार निवासी गुड्डा कबाड़ी की बताई जा रही है।गुड्डा कबाड़ी हाल ही में मिनी माल वाहक वाहन से कोयला चोरी कर भागते बिश्रामपुर पुलिस के हत्थे चढ़ा था लेकिन कुछ समय के बाद बाहर आने पर वह फिर से अवैध कारोबार में जुट गया है।



### सिर दर्द से पीड़ित ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम बुटूकछार निवासी बालेश्वर पिछले एक साल से सिर दर्द से पीड़ित था। परिजन स्थानीय अस्पताल में उपचार कराए लेकिन दर्द कम नहीं हुआ। शनिवार की रात अत्यधिक सिर दर्द होने पर पत्नी ने तेल सिर में लगाई जिसके बाद ग्रामीण सो गया। आज तड़के लगभग 3 बजे उठा और दर्द ज्यादा होने की शिकायत की। परिजन उसे कांसाबेल अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन ग्रामीण को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## वनोपज जांच नाका बना अवैध वसूली का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

वन परिक्षेत्र अंतर्गत अंबिकापुर मार्ग धरमपुर में स्थित वनोपज जांच नाका अवैध वसूली केंद्र बन गया है। वन विभाग के कर्मचारी प्रतिबंधित मार्ग का हवाला दे भारी वाहनों से खुलेआम 50 से 100 और 200 प्रति वाहन वसूल रहे। आरोप है कि रोजाना बड़ी संख्या में वाहन गुरती है और सभी से वसूली होता है। ऐसे में किसी प्रकार की जांच व कार्रवाई नहीं होने से विभागीय कार्य शैली पर ही सवाल उठने लगे है।

- प्रतिबंधित मार्ग का हवाला देकर भारी वाहन से वसूल रहे राशि

जानकारी अनुसार अंबिकापुर प्रतापपुर मार्ग पूर्व के वर्षों में जब एकांगी सड़क था, तब सामान्य आवागमन को ध्यान में रख तत्कालीन प्रशासन ने मार्ग पर भारी वाहनों के आवाजाही पर रोक लगा दिया था। अब मार्ग चौड़ीकरण होने के बाद वनोपज जांच नाका में कथित रूप से आदेश का हवाला देकर भारी वाहनों से खुलेआम वसूली की जा रही। कई बार शिकायत के बावजूद अवैध वसूली पर न तो रोक लगा नहीं और न ही जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई की गई। ऐसे में बेरियर में लंबे समय से जमे कर्मी बेखौफ होकर वसूली कर रहे है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वनोपज जांच नाका में जांच छोड़कर सिर्फ वसूली हो रही। वनोपज जांच के लिए लगे नाका में वन कर्मी दिनदहाड़े कोयला, गिट्टी, बालू समेत अन्य वाहनों से बेरियर रोककर वसूली उपरांत ही आगे जाने देते है। लोगो का कहना है कि वनोपज नाका के बावजूद आसपास के जंगल में बड़े पैमाने पर जंगल से पेड़ों की कटाई कर इमारती लकड़ियों की तस्करी की जाती है। स्थानीय लोगों ने वनोपज जांच नाका में हो रही अवैध वसूली की जांच और दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।



### अस्पताल में प्रवेश करना मुश्किल

नाका में जांच के नाम पर वाहनों की लंबी कतार अस्पताल तक लग जाती है। ऐसे में अस्पताल प्रवेश द्वार के सामने वाहनों की भीड़ होने तथा मांग बाधित हो जाने से अस्पताल तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। चिकित्सक द्वारा प्रवेश द्वार बाधित नहीं करने की बात कहने पर विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। इस तरह की स्थित आए दिन निर्मित होती है जिसे लेकर अस्पताल स्टाफ सहित लोग परेशान है।

### नहीं है जानकारी

वनोपज जांच नाका में भारी वाहनों से राशि वसूल की जाती है इसकी जानकारी नहीं है। मामला संज्ञान में आया है तो इसकी जांच कराई जाएगी। मामला सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

-उत्तम मिश्रा, रेंजर प्रतापपुर

